ESTD. 2001

STEPPING STONE
SCHOOL (HIGH)

CLASS :9

sub:2nd Language hindi

Date:24.06.20

Topic:comprehension

worksheet _21

FOR CLASSES IX-X

1. Please read the chapter from your text book and the attached notes.
2. Then work out the exercises neatly in your notebooks henceforth.
3. Ensure neat and tidy work.
4. Do not write above the red line of the notebook pages.
5. Use notebook with .... pages and write with black ink.
6. Make a contents page first with columns under the heads as given below:

CONTENTS

DATE	WORKSHEET NO.	CHAPTER NO. AND NAME	PAGE NO.	TEACHER'S SIGNATURE

Class 9&10

1) ruled -120 pages(1) for (lit+rapid reader)

2) ruled-120 pages (1) for (grammar, essay, letter, & comprehension)

Scanned with CamScanner

बच्चे अब खिलौने ले रहे हैं। महमूद सिपाही लेता है। मोहसिन को भिश्ती पसन्द आया। नूरे को वकील से प्रेम है। यह सब दो-दो पैसे के खिलौने हैं। हामिद के पास कुल तीन ही पैसे हैं। इतने महँगे खिलौने कैसे ले ? खिलौना कहीं हाथ से छूट पड़े तो चूर-चूर हो जाये। जरा पानी पड़े तो रंग धुल जाये। ऐसे खिलौने लेकर वह क्या करेगा ?

हामिद लोहे की दुकान पर रुक जाता है। कई चिमटे रखे हुए हैं। उसे ख्याल आता है दादी के पास चिमटा नहीं है। तवे से रोटियाँ उतारती हैं तो हाथ जल जाता है। अगर वह चिमटा लेकर दादी को दे दे, तो वह कितनी प्रसन्न होगी। घर में एक काम की चीज हो जायेगी। उसने चिमटा खरीद लिया। मोहसिन ने कहा, "यह चिमटा क्यों लाया पगले ? यह भी कोई खिलौना है ?"

हामिद ने जबाव दिया, "खिलौना क्यों नहीं है ? अभी कन्धे पर रखा बन्दूक हो गई। हाथ में लिया फकीरों का चिमटा हो गया। चाहूँ तो इसे मंजीरे का काम ले सकता हूँ। तुम्हारे खिलौने कितना ही जोर लगायें, मेरे चिमटे का बाल भी बाँका नहीं कर सकते। अगर कोई शेर आ जाये तो मियाँ भिश्ती के छक्के छूट जायें।" चिमटे का सिक्का खूब बैठ गया।

अब बच्चे घर पहुँचे। मोहसिन की छोटी बहन ने दौड़कर भिश्ती को उसके हाथ से छीन लिया और मारे खुशी के जो उछली मियाँ भिश्ती नीचे आ रहे और परलोक सिधारे। मियाँ नूरे के वकील का अन्त उनकी प्रतिष्ठा के अनुकूल इससे ज्यादा गौरवमय हुआ। नूरे वकील साहब को हवा करने लगे, मालूम नहीं पंखे की हवा से या पंखे की चोट से वकील साहब का माटी का चोला माटी में मिल गया। अब रहा महमूद का सिपाही। उसे पहरा देने का काम दिया गया। नूरे उसे लेकर चक्कर लगाने लगा। महमूद को ठोकर लग जाती है और मियाँ सिपाही जमीन पर आते हैं और उनकी एक टाँग में विकार आ जाता है। यदि उसे गूलर का दूध मिल जाये तो वह टूटी टाँग को आनन-फानन में जोड़ सकता है। लेकिन टाँग ने जबाव दे दिया था।

अब मियाँ हामिद का हाल सुनिये उसकी दादी ने उसके हाथ में चिमटा देखकर कहा, "कैसा बेसमझ लड़का है। कुछ खाया न पिया, लाया क्या चिमटा।" हामिद ने अपराधी भाव से कहा, "तुम्हारी उंगलियाँ तवे से जल जाती थी, इसलिए मैंने उसे लिया।"

बुढ़िया का क्रोध तुरन्त स्नेह में बदल गया। दूसरों को खिलौने लेते देखकर उसका मन कितना ललचाया होगा। इतना जब्त उससे कैसे हुआ। दादी का मन गद्‌गद् हो गया।

प्रश्न—(i) हामिद ने मिट्टी के खिलौने क्यों नहीं खरीदे ?

(ii) हामिद ने खिलौने के स्थान पर चिमटा क्यों खरीदा ?

(iii) दूसरे बच्चों के खिलौनों का क्या हुआ ?

(iv) उसके हाथ में चिमटा देखकर हामिद की दादी ने उससे क्या कहा ?

(v) बूढ़ी दादी का क्रोध स्नेह में क्यों बदल गया ?

Scanned with CamScanner